Title: Need for laying of rail line between Hajipur and Sugoli *via* Areraj, Bihar.

श्री राधा मोहन सिंह (मोतिहारी) : महोदय, जनतन्त्र की जननी वैशाली केसरिया स्थित भगवान बुद्ध का सबसे ऊंचा स्तूप अरेराज का विख्यात सुमेश्वर धाम, भारत नेपाल संधी स्थल सुगोली यानी हाजीपुर-अरेराज सुगोली रेल मार्ग की मांग वर्षों पुरानी मांग है। यह मार्ग ऐतिहासिक एवं धार्मिक दृटि से देश का बहुत ही महत्वपूर्ण मार्ग है। यह मार्ग सीधे गेट-वे-आफ नेपाल की ओर जाता है। अंग्रेजों के समय से इसे रेल मार्ग बनाने की मांग उठती रही है।

अतः मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री महोदय से अनुरोध करना चाहता हूं कि हाजीपुर-अरेराज सुगोली रेल मार्ग के निर्माण की शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने के आदेश पारित करने का कट करें।